# है राम लला की प्राण प्रतिष्ठा घर घर दीप जलाना है

22 जनवरी 24 का दिन,
सबको याद दिलाना है,
है राम लला की प्राण प्रतिष्ठा,
घर घर दीप जलाना है,
हैं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा,
घर घर दीप जलाना है।bd।

---

बड़े दिनों के बाद प्रभु का,
पूर्ण हुआ वनवास है,
बाइस जनवरी चौबीस का दिन,
मिला बड़ा ही खास है,
चलो अयोध्या दर्शन करके,
जीवन सफल बनाना है,
हैं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा,
घर घर दीप जलाना है।bd।

---

धन्य धरा भारत की जहां पर,
जन्म लिए श्री राम है,
कर हनुमान गढ़ी के दर्शन,
नित होता कल्याण है,
पुरखों का बलिदान बना,
वरदान ये हमने माना है,
हैं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा,
घर घर दीप जलाना है।bd।

---

सत्य सनातन की जय बोलो,
जय बोलो श्री राम की,
डंका बजा दिया लंका में,
नमो नमो हनुमान की,
राजू सुनील करो ये वादा,
राम नाम नित गाना है,
हैं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा,
घर घर दीप जलाना है।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

22 जनवरी 24 का दिन,
सबको याद दिलाना है,
है राम लला की प्राण प्रतिष्ठा,
घर घर दीप जलाना है,
हैं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा,
घर घर दीप जलाना है।bd।

गायक – राजू बिदुआ।
9179117103 देवरा।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com